नॉमिनेशन मिलने पर अभिषेक बनर्जी ने जताई खुशी

अभिनेता अभिषेक बनर्जी ने फिल्म स्टोलेन को एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में दो नॉमिनेशन मिलने पर खुशी जताई है.

अभिषेक बनर्जी इन दिनों अपनी फिल्म स्टोलेन की सफलता से बेहद खुश हैं. यह फिल्म लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही है और अब इसे एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में दो बड़े अवॉर्ड्स, बेस्ट फीचर फिल्म (फिक्शन) और बेस्ट डायरेक्टर के लिए नॉमिनेट किया गया है.

साल 2025 की बेहतरीन फिल्मों में से एक मानी जा रही स्टोलेन को इसकी दमदार कहानी, शानदार अभिनय और दिलचस्प निर्देशन के लिए खूब सराहना मिली है.

इस मौके पर अपनी खुशी जताते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा, स्टोलेन को हमेशा ही एक यूनिवर्सल ऑडियंस के लिए बनाया गया था. ऐसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड्स में दो कैटेगरी में नॉमिनेट होना गर्व की बात है. बेस्ट फिल्म और बेस्ट डायरेक्टर का नॉमिनेशन इस बात को भी बताता है कि यह फिल्म कितनी दमदार प्रोडक्शन रही है. यह सब गौरव (प्रोड्यूसर) और करण तेजपाल (डायरेक्टर) की विज़न और हिम्मत का नतीजा है कि आज स्टोलेन भारत का प्रतिनिधित्व इतनी बड़ी जगह पर कर रही है. यह इस साल की अकेली भारतीय फिल्म है जो एशिया की बेहतरीन फिल्मों के साथ कम्पटीशन कर रही है. हमारी टीम के लिए यह गर्व का पल है.

एबीसीडी 3 में हीरो बनना चाहते हैं राघव

बॉलीवुड अभिनेता राघव जुयाल एबीसीडी 3 में हीरो बनना चाहते हैं. किल और द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में जबरदस्त परफॉर्मेंस देने के बाद राघव जुयाल अब एबीसीडी 3 में लीड रोल करना चाहते हैं.

हाल ही में मुंबई में हुए एक इवेंट के दौरान राघव ने खुलकर कहा, मेरा एक सपना है. कई साल पहले मैंने एबीसीडी 2 में काम किया था तब मैं साइड में डांस कर रहा था. अब मेरा सपना है एबीसीडी 3 करनाऊ और इस बार बीच में रहूंगा, हीरो बनकर! और जब मैं कुछ सोच लेता हूँ, तो वो होता ही है ना!

किल में इंटेंस अवतार और द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में कॉमिक टाइमिंग से सबको हँसाने वाले राघव अब साबित कर रहे हैं कि वो सिर्फ डांसर नहीं, बल्कि ऑल-राउंडर एंटरटेनर हैं.

अब वह जल्द ही फिल्म किंग में शाहरुख़ ख़ान और सुहाना ख़ान के साथ नज़र आएंगे, और अपने तेलुगु डेब्यू में नानी के साथ धमाका करने को तैयार हैं.

निक्की तंबोली ने धनश्री का गेम प्लान किया एक्सपोज

निक्की तंबोली अपने बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल को सपोर्ट करने के लिए रियलिटी शो %राइज एंड फॉल में बतौर मेहमान शामिल हुईं. अरबाज पटेल से उनकी मुलाकात बिग बॉस मराठी सीजन 5 के घर में हुई थी, जहां से उनकी लव स्टोरी शुरू हुई थी. इस दौरान, उन्होंने अरबाज को धनश्री वर्मा के बारे में चेतावनी देते हुए कहा कि वो आपको सबसे बड़ा धोखा दे रही हैं और यह भी कहा कि वह राइज एंड फॉल सजीन 1 की नापसंद की जाने वाली प्रतियोगी हैं. एक्ट्रेस निक्की ने शो में एंट्री करते ही अरबाज के सामने कई खुलासे किए और कहा कि वक्त है खुद का दिमाग इस्तेमाल कर क्योंकि यह तेरा साथ कोई नहीं दे रहा है.

निक्की ने अरबाज के व्यवहार को लेकर भी उन्हें फटकार लगाई और धनश्री को दिए गए उनके साइड हग वाले बयान पर भी सवाल उठाए. बता दें कि यह अरबाज के उनके प्रति प्यार जताने वाले रवैये के कारण विवाद का विषय बन गया था. खासकर तब जब वह निक्की के साथ रिश्ते में हैं.

उन्होंने कहा, प्यार-अधिकार जताना? साइड हग, फ्रंट हग, इसकी जरूरत नहीं थी. तुम्हें पता नहीं है कि बाहर क्या हो रहा है.निक्की ने अरबाज से कहा, गेम में बहुत बड़ा धोखा हो रहा है धनश्री से. वह इस सीजन में राइज एंड फॉल की सबसे ज्यादा नापसंद की जाने वाली प्रतियोगी हैं. मैं अब उनसे नफरत करती हूं... गेट के बाहर कोई सिक्योरिटी गार्ड होगा न, वो भी उससे नफरत करेगा.

अपने दमदार अभिनय से पहचान बना चुकी नायिकाएं

बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने अपनी नकारात्मक भूमिका से पर्दे पर अपनी अलग छाप छोड़ी है.

अपनी महत्वाकांक्षी फिल्म जटाधारा में सोनाक्षी सिन्हा बड़े पर्दे पर पहली बार पूरी तरह से एक नकारात्मक किरदार निभाने जा रही हैं. हालांकि इससे पहले वह वर्ष 2017 में प्रदर्शित फिल्म .इत्तेफ़ाक़. में ग्रे शेड और पिछले साल आई वेब सीरीज .हीरामंडी. में मां-बेटी के रूप में नकारात्मक किरदार में नज़र आई थीं, जिसके लिए उन्हें काफी सराहा गया था. फिलहाल सात नवंबर 2025 को हिंदी और तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज़ होने जा रही सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा अभिनीत ज़ी स्टूडियोज़ और प्रेरणा अरोड़ा की फिल्म जटाधारा का पहला गाना धना पिशाची दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हो चुका है, और इसकी वजह है सोनाक्षी सिन्हा का नकारात्मक किरदार. माना जा रहा है कि बड़े पर्दे पर पहली बार एक गहरी, रहस्यमयी और खलनायिका की भूमिका में नजर आने जा रहीं सोनाक्षी का यह ट्रांसफॉर्मेशन उनके करियर के लिए एक अहम मोड़ साबित होगा. हाल के वर्षों में कई अभिनेत्रियों ने अपनी नकारात्मक भूमिका से पर्दे पर अपनी अलग छाप छोड़ी है.

नेहल चुडासमा के सपोर्ट में उतरीं गौहर खान

बिग बॉस 19 का ये वीकएंड वार प्रतियोगियों के लिए काफी तनाव भरा साबित हो रहा है. वजह ये हैं क्योंकि शो को होस्ट सलमान खान सभी कंटेस्टेंट्स पर भड़कते दिख रहे हैं और उन्हें उनकी गलतियों का एहसास करा रहे हैं. उन्होंने नेहल चुडासमा को भी फटकार लगाई.

अभिनेत्री गौहर खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी लगाई है. इसमें उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो शख्स यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि सलमान खान द्वारा तान्या मित्तल का समर्थन करने पर उन्हें नेहल चुडासमा के लिए बुरा लगा. इसके साथ ही वीडियो में कहा गया कि नेहल को गिराने के लिए ये सब किया जा रहा है, क्योंकि मेकर्स को पता है कि कौन मजबूत प्रतियोगी है.

आगे उन्होंने कहा कि नेहल ने इसके बावजूद अकेले खड़े होकर सबका सामना किया. इस वीकएंड वार होस्ट सलमान खान सभी कंटेस्टेंट की क्लास लगाते दिख रहे हैं. इस वीडियो पोस्ट को शेयर करते हुए गौहर खान ने एक कैप्शन दिया. उन्होंने लिखा, 'सच में नेहल के बुरा लगा.' आपको बताते चलें कि गौहर खान बिग बॉस के प्रतियोगियों के बारे में अक्सर टिप्पणी करती रहती हैं अब उन्होंने नेहल का समर्थन किया है.

सामंथा के फोन वॉलपेपर पर लगी है खास तस्वीर

मशहूर अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु फिल्मों के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ और आध्यात्मिक यात्रा के लिए भी जानी जाती हैं. तलाक के बाद एक्ट्रेस ने न केवल खुद को संभाला बल्कि अपनी जिंदगी में एक नई दिशा खोजी. हाल ही में उन्होंने अपने फैंस के साथ एक खास बातचीत 'लेट्स टॉक' सेशन में की, जिसमें उन्होंने अपनी दिनचर्या, मानसिक शांति और अपने फोन वॉलपेपर तक के बारे में खुलकर बात की.

सामंथा ने बताया कि वह हर तीन महीने में एक बार ईशा फाउंडेशन जाती हैं, जहां वह मौन साधना और ध्यान करती हैं. उनके मुताबिक, यह जगह अब उनके लिए दूसरे घर जैसी हो गई है. उन्होंने कहा कि मैं कई सालों से यहां आ रही हूं. इस जगह की ऊर्जा मुझे संतुलित रखती है. यहां आकर मैंने जाना कि जिंदगी कितनी खूबसूरत और जरूरी है.एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि यहां आने के लिए धार्मिक होना जरूरी नहीं है कि हर इंसान का अनुभव अलग होता है, और शायद यही वजह है कि मैं खुद को यहां आने से रोक नहीं पाती. सेशन के दौरान जब एक फैन ने पूछा कि उनके मोबाइल वॉलपेपर पर कौन सी फोटो लगी है, तो सामंथा ने अपना फोन स्क्रीन दिखाया, जिसमें मां लिंग भैरवी की फोटो थी. यह वही देवी हैं जिनका मंदिर ईशा फाउंडेशन परिसर में स्थित है. सामंथा ने बताया कि उन्हें इस मंदिर में गहरी शांति महसूस होती है और लिंग भैरवी के दर्शन से उन्हें मानसिक बल मिलता है.

अनिता हसनंदानी बनी छोरियाँ चली गाँव की विनर

दो महीने तक हंसी, जज़्बातों और ज़बर्दस्त जज़्बे से भरी भारत के गांव की सच्ची तस्वीर दिखाने के बाद, ज़ी टीवी के नए और अनोखे रियलिटी शो %छोरियाँ चली गाँव% ने इस वीकेंड अपना शानदार ग्रैंड फिनाले देखा. ढोल-ताशों की गूंज और गांव की उत्साह भरी रंगत के बीच मशहूर अदाकारा अनिता हसनंदानी को विनर घोषित किया गया. अनिता ने ट्रॉफी उठाकर शो के पहले सीज़न को एक यादगार अंदाज़ में पूरा किया.

रणविजय सिंघा द्वारा होस्ट किए गए इस सीज़न ने गांव की असली खूबसूरती और सादगी को बेहद दिलचस्प ढंग से पेश किया. शो में सेलेब्रिटीज़ को उनके हौसले और सब्र की कसौटी पर परखा गया. कभी गाय दुहनी पड़ी, कभी कुएं से पानी भरना, कभी चूल्हे पर खाना बनाना, तो कभी गांववालों से रिश्ते जोड़ना - इन सबके बीच अनिता ने अपनेपन और सादगी से न सिर्फ बाकी प्रतिभागियों बल्कि गांववालों और दर्शकों का भी दिल जीत लिया.

एण्डटीवी पर होगा गोलमाल !

एण्डटीवी के हप्पू की उलटन पलटन में आने वाली कहानी दर्शकों को हंसा हंसा कर लोटपोट करने वाली है. आने वाले एपिसोड में हप्पू (योगेश त्रिपाठी) एक बार फिर गड़बड़झाले में फँस जाता है. रात में उनकी मुलाकात टॉमी रिच नामक शख्स से होती है, जो दावा करता है कि गुंडों ने उस पर हमला किया और उसका मोबाइल झाड़ियों में गिर गया. टॉमी मदद की गुहार लगाता है, लेकिन न्योछावर का भारी पैसा साथ ले जा रहे हप्पू शक करते हुए उसे पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की सलाह देकर आगे बढ़ जाता है. बाद में हप्पू को उन्हीं झाड़ियों में सोने के गहनों से भरा एक बैग मिलता है. इसे माता रानी की कृपा मानकर वह उस बैग को राजेश (गीतांजलि मिश्रा) को सौंप देते हैं. मुसीबत तब बढ़ जाती है जब राजेश, बिना हप्पू को बताए, बैग गब्बर (साहेब दास मणिकपुरी) को दे देती है.

ऑटोमोबाइल

नई महिंद्रा बोलेरो नियो 2025 हुई लॉन्च

महिंद्रा ने भारत में अपनी पॉपुलर एसयूवी बोलेरो नियो का 2025 फ़ेसलिफ़्ट वर्ज़न लॉन्च कर दिया है. इसकी शुरुआती क़ीमत 8.49 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) रखी गई है. यह अपडेट बोलेरो नियो लाइनअप के लिए काफ़ी अहम है, क्योंकि इसमें कई कॉस्मेटिक बदलावों के साथ नए फ़ीचर्स जोड़े गए हैं.

नई बोलेरो नियो में अब बॉडी-कलर्ड ग्रिल, नए वील आर्चेस क्लैडिंग, इलेक्ट्रिक अडजस्टेबल ड्युअल-टोन ओआरवीएम्स और डीआरएल्स के साथ अपडेटेड हेडलाइट यूनिट दी गई है. एसयूवी में अब 15-इंच और 16-इंच अलॉय वील्स का विकल्प भी है. साथ ही इसे ड्युअल-टोन कलर स्कीम में भी पेश किया गया है, जिससे इसका लुक पहले से ज़्यादा नया लगता है.

इंटीरियर में बदलाव इसे और प्रीमियम बनाते हैं. इसमें अब नया अपहोल्स्ट्री डिज़ाइन, ब्लुटूथ म्युज़िक सिस्टम, कीलेस एंट्री, फ्रंट और सेकेंड-रो आर्मरेस्ट और वायर्ड ऐंड्रॉइड ऑटो व ऐप्पल कारप्ले के साथ एलईडी बैकलिट इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर मिलता है. सात-सीटर लेआउट, फ़ोल्डेबल सेकेंड रो, रियर वाइपर, डिफ़ॉगर, आइसोफ़िक्स माउंट्स, रियर कैमरा, एबीएस और ईबीडी, यूएसबी-सी पोर्ट्स और राइडफ्लो टेक जैसे फ़ीचर्स इसे और स्मार्ट बनाते हैं.

मकैनिकल तौर पर एसयूवी में कोई बदलाव नहीं किया गया है. इसमें वही एमहॉक100 1.5-लीटर डीज़ल इंजनहै, जो **100bhp** की पावर और **240Nm** का टॉर्क जनरेट करता है. यह इंजन रियर-वील ड्राइव (RWD) सेटअप के साथ आता है और 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स से जुड़ा है.

भारतीय एसयूवी सेगमेंट की बिक्री में जबरदस्त उछाल

भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए सितंबर 2025 काफी खास रहा. इस दौरान तीन लोकप्रिय एसयूवी मॉडल्स टाटा नेक्सॉन, हुंडई क्रेटा और महिंद्रा स्कॉर्पियो ने अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ मासिक बिक्री आंकड़ों को पार करते हुए नई ऊंचाइयों को छुआ. जीएसटी रेट में कटौती और कंपनियों द्वारा दिए जा रहे आकर्षक ऑफर्स ने ग्राहकों में जबरदस्त उत्साह पैदा किया, जिसका सीधा असर इन वाहनों की बिक्री पर देखने को मिला.

बिक्री में अहम योगदान- इन तीनों मॉडलों ने न सिर्फ अपने रिकॉर्ड तोड़े, बल्कि अपने-अपने निर्माता कंपनियों की कुल बिक्री में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया.

टाटा नेक्सॉन - सितंबर में टाटा मोटर्स की कुल 59,667 यूनिट पैसेंजर व्हीकल बिक्री में से नेक्सॉन की हिस्सेदारी 37.83 फीसदी रही. यह आंकड़ा नेक्सॉन को कंपनी का अब तक का सबसे सफल मॉडल साबित करता है.

हुंडई क्रेटा- हुंडई मोटर इंडिया की कुल 51,547 यूनिट बिक्री में क्रेटा का योगदान 36.59 फीसदी रहा. क्रेटा और वेन्यू (11,484 यूनिट) की मजबूत बिक्री के चलते हुंडई की घरेलू बिक्री में स्ङ्क की हिस्सेदारी रिकॉर्ड 72.39 फीसदी पर पहुंच गई.

महिंद्रा स्कॉर्पियो- महिंद्रा एंड महिंद्रा की 56,233 यूनिट SUV बिक्री में स्कॉर्पियो ब्रांड की हिस्सेदारी 32.67 फीसदी रही. पहले इन वाहनों पर 28 फीसदी जीएसटी और 1 से 3 फीसदी तक सेस लगता था, जिससे कुल टैक्स का बोझ 29 से 31 फीसदी तक होता था.टाटा नेक्सॉन की कीमत में 1.55 लाख रुपये तक की कमी आई है अब इसकी शुरुआती कीमत 7.32 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है.

अगर चलती कार में इंजन हो जाए ओवरहीट

अगर सफर के दौरान अचानक आपकी कार का इंजन ओवरहीट हो जाए, तो यह न केवल परेशानी का कारण बन सकता है बल्कि इंजन को भारी नुकसान भी पहुंचा सकता है. सही समय पर सही कदम उठाकर आप न केवल अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं बल्कि महंगे रिपेयरिंग खर्च से भी बच सकते हैं

गाड़ी तुरंत रोकें लेकिन इंजन बंद न करें- जैसे ही टेंपरेचर मीटर हाई दिखाए या बोनट से धुआं निकले, गाड़ी को सुरक्षित जगह पर रोकें. इंजन को तुरंत बंद न करें, क्योंकि इससे अंदर की गर्मी बाहर नहीं निकल पाएगी.

इंजन को आइडल पर चलने दें- एक्सीलेरेटर छोड़कर कुछ समय तक इंजन को आइडल पर चलने दें. इससे रेडिएटर फैन को इंजन ठंडा करने का समय मिलेगा.

बोनट खोलें लेकिन सावधानी बरतें- बोनट को धीरे-धीरे खोलें ताकि गर्मी बाहर निकल सके. हाथ से छूने की कोशिश न करें, क्योंकि तापमान बेहद ज्यादा हो सकता है.

रेडिएटर या कूलैंट कैप न खोलें- इंजन गर्म रहते हुए रेडिएटर या कूलैंट कैप खोलना खतरनाक है. भाप निकलने से गंभीर चोट लग सकती है. इंजन को ठंडा होने के लिए 30-45 मिनट दें.

कूलैंट का लेवल चेक करें- इंजन ठंडा होने के बाद कूलैंट या पानी का स्तर देखें. अगर लेवल कम है तो कूलैंट डालें. जरूरत पड़ने पर अस्थायी तौर पर सादा पानी भी इस्तेमाल कर सकते हैं.

क्या न करें

- इंजन को बार-बार स्टार्ट और बंद न करें.
- इंजन ठंडा हुए बिना रेडिएटर कैप न खोलें.
- ओवरहीटिंग के बावजूद गाड़ी जबरदस्ती न चलाएं.
- भविष्य में बचाव के उपाय
- गाड़ी की रेगुलर सर्विस कराएं.
- हर महीने कूलैंट लेवल चेक करें.
- रेडिएटर और थर्मोस्टेट की स्थिति समय-समय पर जांचें.
- लंबी यात्रा से पहले कूलिंग सिस्टम की जांच करवा लें.

रिवर ने लॉन्च किया नया इंडी जेन 3 इलेक्ट्रिक स्कूटर

रिवर ईवी ने अपने लोकप्रिय इलेक्ट्रिक स्कूटर का नया वर्जन इंडी जेन 3 लॉन्च कर दिया है. इस बार कंपनी ने स्कूटर में कई अपग्रेड्स किए हैं, जिससे इसे चलाना और भी आसान और टेक-फ्रेंडली हो गया है. कंपनी ने **River Indie Gen 3** की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये रखी है.

इंडी जेन 3 में क्या नया है- इस बार स्कूटर को बेहतर राइडिंग एक्सपीरियंस देने के लिए इसके टायर को अपग्रेड किया गया है ताकि ग्रिप और अच्छी मिले. नया डिस्प्ले भी दिया गया है, जिसमें अब रेंज और चार्जिंग की जानकारी और क्लियर दिखती है. साथ ही, एप कनेक्टिविटी भी बेहतर की गई है, जिससे राइडिंग स्टैटिस्टिक्स, रियल-टाइम चार्जिंग स्टेटस और कस्टमाइज्ड डेटा ट्रैक किया जा सकता है. इसके अलावा, इसमें अब हिल-होल्ड असिस्ट फीचर भी जोड़ा गया है. कंपनी का कहना है कि स्कूटर की राइडिंग डायनेमिक्स को राइडर्स के फीडबैक के हिसाब से ट्यून किया गया है.

सबसे बड़ी खासियत, यानी इसका 43 लीटर का अंडर-सीट स्टोरेज बरकरार है, जिसके साथ 12 लीटर का ग्लव बॉक्स स्पेस भी मिलता है. यह पांच कलर ऑप्शंस में उपलब्ध होगा, जिनमें ब्लैक कॉन्ट्रास्टिंग हाइलाइट्स होंगे.

परफॉर्मेंस वही पुराना दमदार- इंडी जेन 3 में परफॉर्मेंस के मामले में ज्यादा बदलाव नहीं किए गए हैं. इसमें वही 4kWh बैटरी मिलती है, जो 163 किलोमीटर की IDC रेंज देती है. इसका मोटर 6.7k W की पावर देता है और स्कूटर की टॉप स्पीड 90 किमी प्रति घंटा है. चार्जिंग की बात करें तो यह 0 से 80 प्रतिशत चार्ज होने में करीब 5 घंटे लेता है. ब्रेकिंग के लिए इसमें दोनों पहियों पर डिस्क ब्रेक्स दिए गए हैं, जो कंबाइंड ब्रेकिंग सिस्टम के साथ आते हैं.

रिवर का लक्ष्य- कंपनी ने नए स्कूटर को अपने पहले दिल्ली स्टोर, राजौरी गार्डन से लॉन्च किया है, जो नॉर्थ इंडिया में रिवर का हब होगा. इस समय कंपनी के भारत में 34 आउटलेट्स हैं, जिनमें बंगलूरू, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, कोयंबटूर, पटना हुबली जैसे शहर शामिल हैं.